भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 74

29.01.2026 को उत्तर के लिए

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में रिक्तियां

74. श्री एस. निरंजन रेडडी:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के संस्वीकृत 393 पदों में से लगभग 64 पद रिक्त हैं;

(ख) प्रमुख तकनीकी और वैज्ञानिक पदों पर इतने अधिक रिक्त पदों के क्या कारण हैं; और

(ग) वायु प्रदूषण की निगरानी, विनियमन और प्रवर्तन के लिए संस्थागत क्षमता को सुदृढ़ करने और इन रिक्त पदों को भरने के लिए कौन-कौन से दीर्घकालिक उपाय प्रस्तावित किए गए हैं।

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ग): आज की स्थिति के अनुसार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) में वैज्ञानिक एवं तकनीकी कर्मचारियों के कुल स्वीकृत पदों की संख्या 393 है, जिनमें से 353 पद अर्थात् 89.82% पद भरे हुए हैं। सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र तथा नए पदों के सृजन होने की वजह से वैज्ञानिक एवं तकनीकी श्रेणी के 10.18% पद रिक्त हैं। मिशन भर्ती अभियान के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा सीपीसीबी सहित अन्य सभी अधीनस्थ निकायों में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा एवं निगरानी की जा रही है।

****